**1032.** आंत्र ज्वर (टाइफाइड) का कारण है
(A) विषाणु (B) जीवाणु
(C) प्रजीवी (D) फफूंद

**Ans. (B)** जीवाणु के द्वारा आंत्र ज्वर (टाइफाइड) होता है। यह साल्मोनेला टाइफोसा से होता है।

**1033.** मानव शरीर में सबसे कठोर पदार्थ है
(A) दंतवल्क (इनैमल) (B) हड्डी
(C) उपास्थि (D) मांसपेशी

**Ans. (A)** मानव शरीर में सबसे कठोर पदार्थ दंतवल्क (इनामेल) है।

**1034.** रिकेट्स किसकी कमी से होता है ?
(A) विटामिन ए (B) विटामिन बी
(C) विटामिन सी (D) विटामिन डी

**Ans. (D)** Vita D की कमी से बच्चों में रिकेटस नामक बिमारी होता है।

**1035.** मानव किस प्रजाति से संबंधि है ?
(A) होमो (B) सापियंस
(C) इरेक्टस (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (A)** मानव होमो प्रजाति से संबंधित है।

**1036.** Mangifera indica किसका वानस्पतिक नाम है ?
(A) शहतूत (B) आम
(C) तरबूज (D) संतरा

**Ans. (B)** Magnifera dndica आम का वनस्पति नाम है।
- संतरा का वनस्पति नाम Citrus sinensis है।

**1037.** 'ऑरिजीन ऑफ स्पेसीज' नामक पुस्तक लिखी गई
(A) लेप्लेस द्वारा (B) मेंडेल द्वारा
(C) डार्विन द्वारा (D) लेमार्क द्वारा

**Ans. (C)** ऑरिजीन ऑफ स्पेसीज नामक पुस्तक डार्विन के द्वारा लिखी गई है।
- Philosophic Zoologic नामक पुस्तक लेमार्क के द्वारा लिखी गई है।

**1038.** कुकुरमुत्ता है एक
(A) शैवाल (B) फफूंद
(C) प्रजीवी (D) हरा पौधा

**Ans. (B)** कुकुरमुता (गोबरछता) एक प्रकार का फफूंद (Fungi) है। इसमें chlorophil नहीं पाया जाता है। यह अपना भोजन सड़े गले चीजों से प्राप्त करता है।

**1039.** कौन सा रोगाणु समूह, परपोषी जीव की कोशिकाओं के अन्दर ही पुनरुत्पादन करता है ?
(A) जीवाणु (B) कवक
(C) प्रोटोजोआ (D) विषाणु

**Ans. (C)** प्रोटोजोआ समूह, परपोषी जीव की कोशिकाओं के अन्दर ही पुनरूत्पादन करता है।

**1040.** सेलुलोसी भित्ति किसके सेलों से पाई जाती है ?
(A) पशु (B) बैक्टीरिया
(C) फंजाइ (कवक) (D) पौधे

**Ans. (D)** सेलुलोज (Cellulose) भित्ति पौधे के सेलो में पाई जाती है।

**1041.** वह जीव कौन-सा है; जो वायु प्रदूषण को मॉनीटर करता है ?
(A) शैवाल (B) फंजाई
(C) बैक्टीरिया (D) लाइकेन

**Ans. (D)** लाइकेन वायु प्रदुषण को मॉनीटर करता है।

**1042.** उच्चतर पौधों के बीजों के पोषक ऊतक को क्या कहते हैं ?
(A) हाइपोकोटाइल (B) एम्ब्रियो
(C) एन्डोस्पर्म (D) न्यूसेलस

**Ans. (C)** उच्चर पौधों के बीजों के पोषक उतक को एन्डोस्पर्म (Endosperm) कहते हैं।

**1043.** यीस्ट, महत्त्वपूर्ण स्रोत है
(A) विटामिन B का (B) इन्वर्टेस का
(C) विटामिन C का (D) प्रोटीन का

**Ans. (A)** यीष्ट (yeast) महत्वपूर्ण स्रोत Vita B का है।

**1044.** सूची I में दिए गए संक्रामक स्त्रोतों का सूची II में दिए गए तद्जनित रोगों से मिलान कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. बैक्टीरियम | 1. कालाजार |
| b. फंगस | 2. तपेदिक |
| c. प्रोटोजोअन | 3. इंफ्लूएन्जा |
| d. वाइरस | 4. दाद |

(A) a-1, b-2, c-4, d-3 (B) a-2, b-4, c-1, d-3
(C) a-3, b-1, c-2, d-4 (D) a-4, b-2, c-3, d-1

**Ans. (B)**
बैक्टीरियम — तपेदिक
फंगस — दाद
प्रोटोजोअन — कालाजार
वाइरस — इंफ्लूएन्जा

**1045.** एन्जाइम क्या होते हैं ?
(A) स्टेरॉयड (B) कार्बोहाइड्रेट
(C) प्रोटीन (D) लिपिड

**Ans. (C)**

**1046.** डैल्टोनिज्म (प्रोटेनोपिया) एक प्रकार की वर्णांधता है, उसमें रोगी कौन-सा रंग नहीं देख पाता ?
(A) हरा रंग (B) लाल रंग
(C) नीला रंग (D) उक्त सभी रंग

**Ans. (D)** डैल्टोनिज्म एक प्रकार का वर्णाधता है उसमें रोगी को लाल एवं हरा रंग में अन्तर स्पष्ट नहीं होता है
- Colour blindness रोग सर्वप्रथम डाल्टन में पाया गया इसलिए इस रोग को डाल्टेनिज्म भी कहते हैं।



Scanned by CamScanner

**1047.** पान की लता में बनने वाली जड़, कौन सी होती है ?
(A) अवस्तंभ जड़ (B) अनुलग्न जड़
(C) आरोही जड़ (D) छायादार जड़

**Ans. (C)** पानी की लता में बनने वाली जड़ी आरोही जड़ (Climbing root) कहलाती है। यह पौधे को ऊपर चढ़ने में सहारा प्रदान करती है।

**1048.** गुणसूत्र किससे बनते हैं ?
(A) डी.एन.ए. (B) प्रोटीन
(C) डी.एन.ए. तथा प्रोटीन (D) आर.एन.ए.

**Ans. (C)** गुणसूत्र DNA एवं प्रोटीन के बने होते है।

**1049.** जर्सी सॉंड, जो संकरण में इस्तेमाल होता है, किस जगह की मोहक उपजाति है ?
(A) इंग्लैंड (B) फ्रांस
(C) हॉलैंड (D) स्विटजरलैंड

**Ans. (D)** जर्सी सॉंड जो संकरण में इस्तेमाल होता है स्विटजरलैंड की मोहक प्रजाति है।

**1050.** निम्न में कौन-सा सांकेतिक संबंध, लाइकेन निर्मित करता है ?
(A) एक ऐल्गी तथा एक फंगस
(B) एक ऐल्गी तथा एक ब्रायोफाइट
(C) एक बैक्टीरिया तथा एक फंगस
(D) एक बैक्टीरियम तथा एक जिम्नोस्पर्म

**Ans. (A)** एक ऐल्गी तथा एक फंगस के सांकेतिक संबंध से लाइकेन का निर्माण होता है

**1051.** निम्न में कौन-सा फसल-संयोजन, भारत की मिश्रित फसलों में इस्तेमाल नहीं किया जाता ?
(A) गेहूँ तथा सरसों (B) गेहूँ तथा चिक पी
(C) चावल तथा मूँगफली (D) मूँगफली तथा सूरजमुखी

**Ans. (C)** चावल तथा मूँगफली फसल संयोजन भारत की मिश्रित फसलों में इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

**1052.** धान के खेतों से कौन सी गैस मुक्त होती है ?
(A) $CO_2$ (B) $CH_4$
(C) $H_2S$ (D) $NH_3$

**Ans. (B)** धान के खेतों से $CH_4$ गैस मुक्त होती है।

**1053.** पौधों में पत्तों के पृष्ठ पर पाए जाने वाले लघु छिद्रों का नाम है :
(A) गर्त (B) रंध्र
(C) त्वचारोम (D) जलरंध्र

**Ans. (B)** पौधों में पत्तों के पृष्ठ पर पाए जाने वाले लघु छिद्रों का नाम रंध्र (stomata) है

**1054.** पशुओं का पशु महामारी रोग होता है :
(A) कीड़ों द्वारा
(B) जीवाणुओं (बैक्टीरिया) द्वारा
(C) विषाणुओं (वाइरस) द्वारा
(D) प्रोटोजोआ द्वारा

**Ans. (C)** पशुओं का पशु महामारी रोग विषाणुओं (वाइरस) द्वारा होता है।

**1055.** मूल परजीवी के रूप में व्यवहार करने वाला पौधा है
(A) फाइकस (B) सैन्टेमल
(C) कस्कुटा (D) यूफोर्बिया

**Ans. (C)** मूल परजीवी के रूप में व्यवहार करने वाला पौधा कस्कुटा है।

**1056.** सबसे बड़ा श्वेत रुधिराणु है
(A) लसीकाणु (लिम्फोसाइट)
(B) एक केन्द्रकाणु (मोनोसाइट)
(C) बिम्बाणु (थ्रोम्बोसाइट)
(D) रक्ताणु (लाल रुधिर कणिका) (एरिथ्रोसाइट)

**Ans. (C)** सबसे बड़ा श्वेत रूधिराणु बिम्बाणु (थ्रोम्बोसाइट) है।

**1057.** निम्न में से कौन सा दोनों बहि:स्रावी ग्रंथि और अंत:स्रावी ग्रंथि के रूप में व्यवहार नहीं करता ?
(A) पीयूष (B) अग्न्याशय
(C) वृषण (D) अंडाशय

**Ans. (D)** अंडाशय बहि:स्रावी ग्रंथि और अंत: स्रावी ग्रंथि के रूप से व्यवहार नहीं करता है।

**1058.** सूची-I में दिए गए पोषक अभाव का सही मिलान सूची-II में दिए गए उस अभाव द्वारा पैदा किए गए रोगों के साथ कीजिए।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) आयोडीन | (i) सूक्ष्माणु रक्ताल्पता |
| (b) आयरन | (ii) प्रणाशी रक्ताल्पता |
| (c) नियासीन | (iii) गलगंध (घेंघा) |
| (d) विटामिन $B_{12}$ | (iv) पेलैजिया |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**Ans. (D)**
आयोडीन — गलगंध (घेंघा)
आयरन — सूक्ष्माणु रक्ताल्पता
नियासीन — पेलैजिया रक्ताल्पता
विटामिन $B_{12}$ — प्रणाशी रक्ताल्पता

**1059.** जल संवर्धन, पौधों के कर्षण की एक विधि है, जिसमें निम्न में से, किसका प्रयोग नहीं किया जाता ?
(A) जल (B) प्रकाश
(C) रेत (D) मिट्टी

**Ans. (A)** जल संवर्धन पौधे के कर्षण की एक विधि है जिसमें रेत का प्रयोग नहीं किया जाता।

**1060.** वनस्पति जगत के गैर-हरित विषमपोषित पौधे कौन-से होते हैं ?
(A) मॉसेस (B) फर्न
(C) एल्गी (D) फंजाई

**Ans. (D)** वनस्पति जगत के गैर-हरित विषम पोषित पौधे फंजाई होते हैं।

**1061.** मानव शरीर की कौन-सी ग्रंथि, पीयूष ग्रंथि से हॉर्मोनों के रिसाव को नियंत्रित करती है ?
(A) थाइमस ग्रंथि (B) थाइरॉइड ग्रंथि
(C) एड्रिनल ग्रंथि (D) हाइपोथेलेमस ग्रंथि

**Ans. (D)** हाइपोथेलेमस ग्रंथि मानव शरीर में पीयूष ग्रंथि से हॉर्मोनों के रिसाव को नियंत्रित करती है।

Scanned by CamScanner

**1062.** पुरानी और नष्टप्राय: लाल रक्त कणिकाएँ कहाँ नष्ट हो जाती हैं ?
(A) यकृत (B) आमाशय
(C) अस्थि मज्जा (D) प्लीहा

**Ans. (D)** पुरानी और नष्ट प्राय: लाल रक्त कणिकाएँ प्लीहा (Spleen) में नष्ट हो जाती है।

**1063.** स्वपरागण का परिणाम क्या होगा ?
(A) अंत: प्रजनन (B) विरल प्रजनन
(C) अति प्रजनन (D) बहि:प्रजनन

**Ans. (A)** स्वपरागण का परिणाम अंत: प्रजनन (Inbreeding) होता है।

**1064.** सही उत्तर के साथ सूची I तथा II से जोड़ें बनाइए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. विटामिन $B_1$ | 1. पाइरिडॉक्सीन |
| b. विटामिन $B_2$ | 2. सायनोकोबालेमिन |
| c. विटामिन $B_6$ | 3. थायेमीन |
| d. विटामिन $B_{12}$ | 4. राइबोफ्लेविन |

(A) a-1, b-2, c-3, d-4 (B) a-2, b-3, c-4, d-1
(C) a-3, b-4, c-1, d-2 (D) a-4, b-1, c-2, d-3

**Ans. (C)** विटामिन $B_1$ — थायेमीन
विटामिन $B_2$ — राइबोफ्लेविन
विटामिन $B_6$ — पाइरिडॉक्सीन
विटामिन $B_{12}$ — सायनोकोबालेमिन

**1065.** निम्न में से कौन-सा जोड़ा सही है ?
(A) द्वितीय उपभोक्ता - घास
(B) अपघटक - बैक्टीरिया
(C) उत्पादक - हिरण
(D) प्राथमिक उपभोक्ता - तेंदुआ

**Ans. (B)** अपघटक-बैक्ट्रीया सही है।

**1066.** निम्नलिखित शब्दों को अर्थपूर्ण अनुक्रम में सजाइए :
(1) पत्ती (2) फल
(3) तना (4) जड़
(5) फूल
(A) (3), (4), (5), (1), (2) (B) (4), (3), (1), (5), (2)
(C) (4), (1), (3), (5), (2) (D) (4), (3), (1), (2), (5)

**Ans. (B)** जड़, तना, पत्ती, फूल, फल

**1067.** जैविक वस्तुओं का संघटन के सर्वाधिक उच्च स्तर को क्या कहा जाता है ?
(A) जैव-मंडल (B) वायुमंडल
(C) जलमंडल (D) स्थलमंडल

**Ans. (A)** जैविक वस्तुओं के संघटन के सर्वाधिक उच्च स्तर को जैव मंडल कहा जाता है।

**1068.** इनमें से किस फसल को प्रति हेक्टेयर अधिकतम जल की मात्रा की आवश्यकता होती है ?
(A) बार्ली (B) मक्का
(C) गन्ना (D) गेहूँ

**Ans. (C)** गन्ना की फसल को प्रति हेक्टेयर अधिकतम जल की मात्रा की आवश्यकता होती है।

**1069.** प्रकाश-संश्लेषण में सहायक, पत्तियों के हरे पदार्थ को क्या कहते हैं ?
(A) क्लोरोफिल (B) ग्रीनरी
(C) क्रीपर (D) इनमें से कुछ भी नहीं

**Ans. (A)** क्लोरोफिल

**1070.** सबसे बड़ा और भारी स्तनधारी (mammal) कौन-सा है ?
(A) अफ्रीकी हाथी (B) गैंडा
(C) ब्लू व्हेल (D) दरियाई घोड़ा

**Ans. (C)** सबसे बड़ा और भारी स्तनधारी (mammal) ब्लू व्हेल है ?

**1071.** वह परिस्थिति जिसमें रक्त मे ग्लूकोस की मात्रा (concentration) बहुत कम होती है, को कहते है :
(A) मधुमेह (Diabetes)
(B) टाइफाइड (Typhoid)
(C) मलेरिया (Malaria)
(D) हाइपोग्लाइसीमिया (Hypoglycemia)

**Ans. (D)** वह परिस्थिति जिसमें रक्त में ग्लूकोस की मात्रा (concentration) बहुत कम होती है। हाइपोग्लाइसीमिया (Hypoglycemia) कहलाता है।

**1072.** फाइलेरिया रोग किसके कारण होता है :
(A) कृमि (Worm) (B) जीवाणु (Bacteria)
(C) वायरस (Virus) (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (A)** फाइलेरिया रोग कृमि (worm) के कारण होता है

**1073.** विटामिन-ए का रासायनिक नाम है :
(A) थाइमिन (Thymine)
(B) रेटिनोल (Retinol)
(C) नियासीन (Niacin)
(D) राइबोफ्लेविन (Ribofavin)

**Ans. (B)** विटामिन A का रासायनिक नाम रेटिनोल (Retinol) है।

**1074.** मानव मूत्र है :
(A) क्षारक (Basic) (B) अम्लीय (Acidic)
(C) न्यूट्रल (Neutral) (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (A)** मानव मूत्र क्षारक (Basic) है।

**1075.** प्रकाशानुवर्ती संचलन, किसके द्वारा नियंत्रित किया जाता है ?
(A) साइटोकाइनिन (B) एथिलीन
(C) ऑक्सिन (D) जिबरेलिन

**Ans. (C)** प्रकाशानुवर्ती संचलन ऑक्सिन (Auxin Plant Hormon) द्वारा नियंत्रित होता है।

**1076.** दुग्धजनक हॉर्मोन का स्राव कहाँ पर होता है ?
(A) अंडाशय (B) पीयूष
(C) स्तन ग्रंथि (D) प्लैसेन्टा

**Ans. (C)** दुग्धजनक हॉर्मोन का स्राव स्तन ग्रंथि से होता है।



Scanned by CamScanner

1077. कथन-1 : कुनैन मलेरिया के उपचार में प्रयुक्त की जाती है।
कथन-2 : यह सिनकोना की जड़ से प्राप्त की जाती है।
(A) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं
(B) कथन 1 और 2 दोनों गलत है
(C) कथन 1 सही है, परंतु कथन 2 गलत है
(D) कथन 1 गलत है, परंतु कथन 2 सही है

**Ans. (C)** कुनैन मलेरिया में काम आता है जो सिनकोना की छाल से प्राप्त होता है। मलेरिया प्रोटोजोआ से उत्पन्न रोग है जो मच्छड़ के काटने से होता है।

1078. स्पीशीज (जाति) ऐसे व्यष्टियों का समूह है, जो-
(A) जननात्मक रूप से जीवनक्षम रह सकता है
(B) संकरण नहीं करता
(C) एक निकेत में सफलतापूर्वक एकसाथ रह सकता है
(D) विषम स्थितियों में भी जीवित रह सकता है

**Ans. (A)** स्पीशीज—जीवों का वृह समूह जो आपस में जनन करने में सक्षम होते हैं।

1079. लिनियस को 'वर्गीकरण विज्ञान का जनक' (पिता) माना जाता है, क्योंकि वह-
(A) द्विपद-नाम-पद्धति प्रस्तावित की
(B) वर्गीकरण विज्ञान पर बहुत से पुस्तकें लिखीं
(C) पादपों का वर्गीकरण करने वाला पहला व्यक्ति था
(D) 'वर्गीकरण विज्ञान' शब्द का निर्माण किया

**Ans. (A)** सन 1753 ई० में कैरोलम लीनियस ने जीवों के नामाकरण की द्विनाम पद्धति को प्रचलित किया। इन प्रद्धति के अनुसार प्रत्येक जीवधारी का नाम लैटिन भाषा के दो शब्द मिलकर बनता है। पहला शब्द वंश के नाम पर (Generic name) तथा दूसरा नाम जाति के शब्द के नाम पर (Species name) कहलाता है।

1080. द्विबीज तने में दारु (Xylem) और पोजवाह (Phloem) के बीच में उपस्थित परत है-
(A) एधा (कैम्बियम)  (B) मंड आच्छद
(C) मज्जा (पिथ)  (D) रंभ

**Ans. (A)** संवहन फूल में कैम्बियम पाया जाता है। इनके पुष्प चार या पाँच के गुणांक में होते हैं।

1081. सामूहिक खेती यहाँ के घास स्थलों में की जाती है-
(A) पम्पास  (B) स्टेपीज
(C) वेल्ड  (D) प्रेयरी

**Ans. (A)** पम्पास

1082. पर्णागों (फन) में दारु (जाइलम) है-
(A) मध्य-आदिदारुक  (B) बहु-आदिदारुक
(C) बाह्य-आदिदारुक  (D) अंतः-आदिदारुक

**Ans. (C)** बाह्य-आदिदारुक—सबसे बाहरी कोशिका होती है।

1083. प्रकृति में पोषण रीतियाँ इनमें पाई जाती है :
(A) पारितंत्र  (B) ऊतक तंत्र
(C) मूल तंत्र  (D) प्ररोह तंत्र

**Ans. (A)** परितंत्र—किसी भी स्थान विशेष में रहने वाले जीवों का वह समूह जो कि एक दूसरे परस्पर जुड़े होते हैं।

1084. मानव शरीर में कितने गुणसूत्र युग्म होते हैं ?
(A) 23  (B) 24
(C) 19  (D) 22

**Ans. (A)** 22+y गुणसूत्र

| | पुरुष | महिलाएँ |
|---|---|---|
| | xy | xx |
| | 22+y | 22+x |

46

**Note :** लिंग निर्धारण के लिए पुरुष जिम्मेदार होते हैं।

1085. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (जोड़ा) सही नहीं बनाया गया है ?
(A) ब्यूटिरिक अम्ल-विकृत गंधी मक्खन
(B) फार्मिक अम्ल-सिरका
(C) लैक्टिक अम्ल-दूध
(D) साइट्रिक अम्ल-नींबू

**Ans. (B)** सिरका में एसिटिक अम्ल पाया जाता है।

1086. एन्जाइम हैं-
(A) कार्बोहाइड्रेट  (B) जैविक उत्प्रेरक
(C) वसा  (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (B)** एन्जाइम—इसमें डायस्टेज, लाइपेन, ग्लूकोज, प्रोटीएजेज ऑक्सीडेंसेज इत्यादि मुख्य हैं।

1087. प्रोबायोटिक दही (योगर्ट) में स्वास्थ्य के लिए लाभकारी क्या वस्तुएँ समाविष्ट होती है ?
(A) प्रतिजैविक  (B) जीवाणु (बैक्टीरिया)
(C) ऊर्जा का स्रोत  (D) ट्रांसजेनिक जीन


**Ans. (B)** जीवाणु—दही में जीवाणु जो लाभदायक होता है। इसी जीवाणु से आहारनाल में विटामिन $B_{12}$ बनता है।

1088. कौन-से पादप मरुस्थल की जल दाब स्थितियों में विकसित होते हैं ?
(A) जीरोफाइट  (B) हीलियोफाइट
(C) शियोफाइट  (D) एपिफाइट

**Ans. (A)** जीरोफाइट

1089. युग्मन और प्रतिकर्षण किसकी दो अवस्थाएँ हैं ?
(A) व्यत्यासिका (काइऐज्मा) (B) उत्परिवर्तन
(C) विनिमय  (D) सहलग्नता

**Ans. (D)**






Scanned by CamScanner

**1090.** बहुअंडपी (मल्टीकार्पेलरी) वियुक्तांडपी (एपोकार्पेस) जायांगीयता (गायनोसियम) से किस किस्म का फल प्राप्त होता है?
(A) गुच्छेदार (B) साधारण
(C) बहुखंडीय (D) संयुक्त

**Ans. (A)** गुच्छेदार—यह असत्यफल का निर्माण करता है जो कि गुच्छे में पाया जाता है।

**1091.** जीवों के उनके पर्यावरण के संबंध में अध्ययन को क्या कहते हैं?
(A) प्राणि विज्ञान (B) कीट विज्ञान
(C) बहुपद विज्ञान (D) पारिस्थितिकी विज्ञान

**Ans. (D)** पारिस्थितिकी विज्ञान

**1092.** पत्तागोभी खाद्य पदार्थ का संग्रह कहाँ करता है ?
(A) तना (B) फल
(C) जड़ (D) पत्तियाँ

**Ans. (D)** पत्तियों का खाद्य पदार्थ-पत्तागोभी
जड़ का खाद्य पदार्थ-चुकुंदर
तना का खाद्य पदार्थ-आलू
फल का खाद्य पदार्थ-सेब

**1093.** लौह की कमी से कौन-सा रोग होता है ?
(A) पोलियो (B) रिकेट्स
(C) स्कर्वी (D) रक्तअल्पता

**Ans. (B)** रिकेट्स
पोलियो-पोलियो वायरस से होता है।
भारत में पोलियो की दवा मुफ्त दी जाती है।
स्कर्वी—यह विटामिन C की कमी से होता है। इस बीमारी में मसूड़ों से रक्त निकलने लगता है।
गॉयटर—यह आयोडिन की कमी से होती है। इसमें गला में बड़ा सा ट्यूमर निकल आता है।

**1094.** पुंकेसर अपने पराग कोशों से और पत्तियों से भी किसमें परस्पर मिले होते हैं?
(A) लिलिएसी (B) कंपोजिटी
(C) यूफार्बियेसी (D) लंग्युमिनोसी

**Ans. (B)** कंपोजिटी : कंपोजिटी का अर्थ युग्मक जब युग्म कोष (परागकोष) से जुड़ा होता है।

**1095.** निम्नलिखित में से किसमें बहुल बाह्य त्वचा पायी जाती है?
(A) बोरहाविया (B) एमारेन्थस
(C) हेलिऐन्थस (D) नेरियम (कनेर)

**Ans. (B)** एमारेन्थस

**1096.** ब्लड कैंसर को आमतौर पर इस नाम से जाना जाता है–
(A) ल्यूकोडर्मा (B) ल्यूकेमिया
(C) हीमोफीलिया (D) सिकल-सेल एनीमिया

**Ans. (B)** ल्यूकेमिया-औकोजीन लाल रक्त कोशिका को प्रभावित करता जिससे इसका निर्माण रूक जाता है। जिससे यह कैंसर का रूप ले लेता है।

**1097.** प्रकाश-संश्लेषण का प्रथम स्थायी उत्पाद है
(A) स्टार्च (मंड) (B) सुक्रोस (इक्षु शर्करा)
(C) फॉस्फोग्लिसेरिक अम्ल (D) ग्लूकोस

**Ans. (B)** रासायनिक प्रकाश क्रिया—यह क्रिया क्लोरोफिल के ग्राना में सम्पन्न होती है। इस अभिक्रिया के लिए ऊर्जा प्रकाश अभिक्रिया से मिलती है। इस कारण इसे अप्रकाशिक अभिक्रिया कहते हैं। इस अभिक्रिया में प्रकाश के दौरान उत्पन्न $NADPH_2$ एवं ATP दोनों अणुओ का प्रयोग होता है।

**1098.** पी एच (pH) स्केल का परिसर है–
(A) 0 – 7 (B) 8 – 14
(C) 0 – 14 (D) कोई भी नहीं

**Ans. (C)** pH- स्केल की खोज एस०पी० सोरेन्सन ने किया था। इसमें 0-14 तक के खानों में बॉटा गया है। पहले 0–से ज्यादा तथा 7 से कम के खानो में अम्ल का मान रहता है। अंतिम के 7 से ज्यादा तथा 14 तक के खानो में क्षार का मान रहता है।→pH स्केल में 7 का मान पानी का होता है जो उदासीन होता है।

**1099.** जब कोई एकल जीन एक से अधिक लक्षण की अभिव्यक्ति नियंत्रित करता है तो इसको किस प्रकार का कहा जाता है ?
(A) परपोषित (B) स्वपोषित
(C) अपरूपी (D) बहुप्रभावी

**Ans. (D)** बहुप्रभावी-जैसे Blood एक उदाहरण : जीन एक हो लेकिन प्रभाव अलग-अलग हो।

**1100.** अंतर्दर्शी (Endoscopic) एक ऐसा यंत्र है जो आमाशय के अल्सरों का पता लगाने के लिए प्रयुक्त किया जाता है। इसमें एक लंबी संकीर्ण नलिका होती है (जिसके एक सिरे पर छोटा चमकीला बल्ब होता है) जो आमाशय में मुँह द्वारा निविष्ट की जाती है, इसमें क्या अंतर्विष्ट है ?
(A) छोटा धारा वहन तार
(B) संकीर्ण नलिका में पानी भरा होता है
(C) प्रकाशिका फाइबर (रेशा)
(D) संकीर्ण नलिका में कुछ रसायनिक घोल होते है।

**Ans. (C)** Optical Fiber - यह एक यंत्र है, इसका उपयोग शरीर के अंदर के भाग के प्रतिविम्ब तैयार करने में किया जाता है।

**1101.** वे पादप जो केवल प्रकाश में भलीभाँति बढ़ते हैं, यह कहलाते हैं–
(A) छायारागी (B) मरूद्भिद्
(C) आतपोद्भिद् (D) अधिपादप

**Ans. (C)** आतपोद् भिद्-यह एक पौधो का समूह है। जो कि सूर्य की उपस्थिति में प्रकाश संश्लेषण करता है।

**1102.** औषधियों और उनके कार्य का अध्ययन क्या कहलाता है?
(A) औषध निर्माण (विज्ञान) (B) जीवाश्म-प्राणि विज्ञान
(C) औषध (प्रभाव) विज्ञान (D) जीवाश्म-विज्ञान

**Ans. (A)** औषध निर्माण विज्ञान—औषधियों एवं उसके कार्यों का अध्ययन
जीवाश्म विज्ञान—मरे जीवों के बारे में अध्ययन



Scanned by CamScanner

1103. निम्नलिखित में से कौन-सा एक स्थानीय संवेदनाहारी भी है और उत्तेजक भी ?
(A) कोकेन (B) एल्कोहॉल
(C) हिरोइन (D) कुनैन

**Ans. (C)** हिरोइन—इसका उपयोग कई प्रकार के दर्द निवारक दवा में किया जाता है। इसलिए यह एक उत्तेजक भी है।

1104. पोषवाह (फ्लोएम) का दूसरा नाम है–
(A) काष्ठ (B) स्कलीरिड
(C) फाईबर (रेशा) (D) बास्ट

**Ans. (D)** फ्लोएम को बास्ट भी कहते हैं।

1105. सामान्य ब्रेड (रोटी) गेहूँ ट्रिटिकम एस्टाइवम है–
(A) चतुर्गुणित (B) षट्गुणित
(C) अगुणित (D) द्विगुणित

**Ans. (B)** षट्गुणित होता है। इसमें गुणसूत्र 6 गुणित होता है यानि की 6 n लिखते हैं।

1106. जीव विज्ञान की वह शाखा कौन-सी है जो विलुप्त जीवों से संबंधित है ?
(A) परागाणु विज्ञान
(B) जातिवृत्त
(C) पुरावनस्पति विज्ञान
(D) जीवाश्म विज्ञान-जिवाश्म का अध्ययन जिवाष्म विज्ञान

**Ans. (A)** परागाणु विज्ञान

1107. औषध में पीड़ानाशक के रूप में प्रयुक्त होने वाला मिश्रण है ?
(A) यूरेट्रोपिन (B) क्लोरोफॉर्म
(C) एस्पिरिन (D) एथिल एल्कोहॉल

**Ans. (C)** एस्पिरिन

1108. साइकस पत्रकों में पाए जाने वाले संचरण ऊतक का आरोपित कार्य क्या हो सकता है ?
(A) यांत्रिक (B) चालन
(C) भंडारण (D) प्रकाश संश्लेषण

**Ans. (D)** प्रकाश संश्लेषण साइकस के पत्तियों में होता है।

1109. बबूल वृक्ष को यह कहा जाता है–
(A) प्रोसोपिस ज्यूलीफ्लोरा (B) ल्यूकैना ल्यूकोसेफला
(C) ऐल्बिजिया लेबेक (D) पिथीलोकोबियम समन

**Ans. (C)** बबूल का जैविक नाम ऐल्बिजिया लेबेक है।

1110. निम्नलिखित में से कौन-सा 'हरित दूषावास' की गुणवत्ता का एक घटक नहीं है ?
(A) वर्षा जल फसल प्रणाली
(B) छत पर सौर पैनलों का संस्थापन
(C) कार्यालय संवाहन प्रणाली में वायु उपचार फिल्टर का संस्थापन
(D) दूषावास में उत्पन्न कूड़े कचरे का दैनिक निपटान

**Ans. (B)** सौर पैनल प्रदूषण रहित है। इस कारण हरित दूषावास का घटक नहीं है।

1111. ऐसी महिला जो दूसरों के लिए बच्चा पैदा करने हेतु अपना गर्भाशय किराये पर देती है, क्या कहलाती है ?
(A) जैविक माता (B) सौतेली माता
(C) सॅरोगेट मदर (D) फोस्टर मदर (धात्री)

**Ans. (C)** सॅरोगेट मदर

1112. जीवाणुभोजी किसके द्वारा खोजा गया था ?
(A) फेलिक्स डी हेरेल और फ्रेडेरिक टिवार्ट
(B) क्लूयवेर और निएल
(C) पॉल ऐहर्लिच
(D) बुरिल और स्मिथ

**Ans. (C)** पॉल ऐहर्लिच

1113. जीन युग्मों में नहीं पाये जाते–
(A) शरीर की कोशिकाओं में
(B) निषेचन के पश्चात् अंडाशय में
(C) युग्मकों में
(D) युग्मनजों में

**Ans. (C)** युग्मक निर्माण के दौरान अर्द्धसूत्री कोशिका विभाजन होता है। जिसके कारण प्रत्येक जीव एक दुसरे से अलग हो जाता है और युग्म में नहीं पाया जाता है।

1114. ऊतकजन, जिसके बाह्यत्वचा बनती है, वह है–
(A) त्वचाजन (B) वल्कुटजन
(C) रंगभन (D) गोपकजन

**Ans. (A)** त्वचाजन वह समूह है, जिससे उतक जन द्वारा बह्य जन बनता है।

1115. रक्त समूहों की खोज किसके द्वारा की गई थी ?
(A) लैंडस्टीनर (B) विलियम हार्वे
(C) वीजमैन (D) मॉर्गन

**Ans. (A)** लैंडस्टीनर ने रक्त समूह की खोज की थी। (1900 ई०)
- रक्त परिसंचरण की खोज विलियम हार्वे ने किया था। (1628 ई०)

1116. वृक्क के आकार की द्वार-कोशिकाएँ किसमें होती है ?
(A) द्विबीजी पादपों में (B) एकबीजी पादपों में
(C) उपर्युक्त दोनों में (D) शैवाल (काई) में

**Ans. (C)** रहर एक बीज पत्ती और दो बीज पत्री दोनों में पाया जाता है। और रहर को नियंत्रित करने के लिए कोशिका पाई जाती है। उसे रक्षी कोशिका कहते हैं जिसका आकार वृक्क के आकार का होता है।

1117. डंबेलाकार द्वार-कोशिकाएँ किसमें होती है ?
(A) मूँगफली (B) चना
(C) गेहूँ (D) आम

**Ans. (A)** मूँगफली



Scanned by CamScanner

**1118.** रंध्र मुख (द्वार) इस पर आधारित है–
(A) बहि : परासरण
(B) अंत: परासरण
(C) द्वार-कोशिकाओं में जीवद्रव्यकुंचन
(D) कोशिका रस के सांद्रण में ह्रास

**Ans. (B)** जब जल रक्षि कोशिका में प्रवेश करता है तो प्रेसर में वृद्धि होने के कारण रंध्र खुल जाता है। थापने अंत: परासरण।

**1119.** कौन सी गैस पादप-गृह प्रभाव (ग्रीन हाउस इफेक्ट) के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है ?
(A) $CO_2$ (B) $O_2$
(C) $H_2$ (D) जलवाष्प

**Ans. (A)** ग्रीन हाऊस में $CO_2$ (कार्बन-डाईऑक्साइड) का उपयोग होता है जो इसे सूर्य की किरणों में प्राप्त होता है और इसे ध्रुविय खेती के नाम से जाना जाता है। ठंडे प्रदेशों में इसका उपयोग होता है। जलवाष्प→जल को 100°C पर उबालने से भाप में परिवर्तित होता है उसे जल वाष्प कहते हैं।

**1120.** पौधे की विशिष्ट रूप में विकास को प्रभावित करन वाली स्थितियों का नाम बताइए–
(A) जलवायु-स्थितियाँ (B) मृदा-स्थितियाँ
(C) पर्यावरणीय स्थितियाँ (D) सामाजिक स्थितियाँ

**Ans. (C)** पर्यावरणीय स्थितियाँ

**1121.** अग्न्याशय कौन-सा रस नि:सृत करता है ?
(A) इंसुलिन (B) पित्त रस
(C) पाचक रस (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (C)** और **(A)**

**1122.** जब हम छुई मुई के पौधे (टच मी नॉट प्लान्ट) की पत्तियों को छूते हैं तो पत्तियाँ बंद हो जाती हैं, इस गति को क्या कहते हैं ?
(A) प्रकाशानुकुंची गति (B) निशानुकुंची गति
(C) कंपनुकुंची गति (D) रसायन अनुकुंची गति

**Ans. (D)** रसायन अनुकुंची गति

**1123.** ऊ‌तक संवर्धन की अवधारणा किसकी थी ?
(A) हाफमीस्टर (B) हानस्टाईन
(C) हैबर लैंड्ट (D) हैनिंग

**Ans. (A)** हाफमीस्टर

**1124.** चोंच किससे बनती है ?
(A) गाल (B) जबड़ें
(C) दाँत (D) कोई नहीं

**Ans. (C)** दाँत

**1125.** 'पिन्ना' (कर्णपाली एवं बाह्य श्रवणीय नली) पाई जाती है–
(A) उभयचर में (B) मछली में
(C) स्तनपायी में (D) सर्पणशील में

**Ans. (C)** पिन्ना-यह एक सर्वगुण है, जो कि स्तनपायी जीवो में पाया जाता है। पिन्ना को बाहरी कान कहा जाता है।

**1126.** कोशिका किसके कारण स्फीत हो जाती है ?
(A) जीवद्रवकुंजन (B) बहि:परासरण
(C) अंत:परासरण (D) विसरण

**Ans. (C)** अत: परासरण-कोशिका अत: परासरण की क्रिया द्वारा फूलने लगती है। जिसे स्फीति कहते हैं।

**1127.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक नाइट्रोजनीय उर्वरक नहीं है ?
(A) अमोनिया सल्फेट (B) यूरिया
(C) अमोनिया नाइट्रेट (D) सुपर फॉस्फेट

**Ans. (D)** सुपर फास्फेट→ यह एक फासफोरस का अवयव है जो खेती में उर्वरक के रूप में उपयोग होता है।
अमोनियम सल्फेट→ $(NH4)_2SO_4$
यूरिया→ $NH_2CONH_2$ — सर्वप्रथम होलर ने बनाया था।
अमोनियम नाइट्रेट→ $NH_4NO_3$

**1128.** वे 'सूक्ष्म श्वसन कण' जो मनुष्यों द्वारा श्वास लेने के लिए वायु की गुणवत्ता को कम करते हैं, किस श्रेणी में रखे जाते हैं ?
(A) पी. एम. 0.0 (B) पी. एम. 2.5
(C) पी. एम. 8.5 (D) पी. एम. 10.0

**Ans. (B)** पी. एम. 2.5

**1129.** किसी सुनिश्चित क्षेत्र में सम्पूर्ण अन्योन्य-क्रिया करते प्राणी (जन्तु) और पादप क्या कहलाते हैं ?
(A) जनसंख्या (B) जीवोम (बायोम)
(C) समुदाय (D) जाति

**Ans. (B)** जीवोम (बायोम)

**1130.** ह्रदय के लिए सबसे अधिक लाभदायक खाद्य-तेल कौन-सा है ?
(A) बटर-ऑयल (तेल)
(B) ऑलिव ऑयल (जैतून का तेल)
(C) रेप-सीड ऑयल (तोरिया तेल)
(D) सरसों का तेल

**Ans. (B)** ऑलिव ऑयल (जैतून का तेल)

**1131.** आई. सी. एम. आर. किसका संक्षिप्त नाम है ?
(A) इन्टरनेशनल काउन्सिल फॉर मलेरियल रिसर्च
(B) इण्डियन काउन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च
(C) इन्टरनेशनल काउन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च
(D) इण्डियम काउन्सिल ऑफ माइक्रोविलय रिसर्च

**Ans. (A)** इन्टरनेशनल काउन्सिल फॉर मलेरियल रिसर्च

**1132.** राष्ट्रीय एड्स अनुसन्धान संस्थान यहाँ पर है–
(A) चेन्नई (B) नई दिल्ली
(C) मुम्बई (D) पुणे

**Ans. (C)** मुम्बई

**1133.** कैजुराइना एक–
(A) जलोद्भिद् है (B) समोद्भिद है
(C) मरुद्भिद् है (D) अधिपादप है

**Ans. (A)** जलोद्भिद् है



Scanned by CamScanner

1134. नर मच्छर अपना भोजन यहाँ से लेते हैं–
(A) मनुष्य का रक्त (B) अप्रवाही जल
(C) पादपों का रस (D) पशुमल एवं अन्य मलबा

Ans. (C) पादपों का रस

1135. निम्नलिखित में से किस युग्म (जोड़े) का मिलान सही ढंग से नहीं किया गया है ?
(A) विटामिन B – पाइरिडॉक्सिन
(B) विटामिन C – ऐस्कॉर्बिक अम्ल
(C) विटामिन E – ऐल्फा टोकोफेरॉल
(D) विटामिन D – धूप स्रोत है।

Ans. (A) **विटामिन B समूह**—यह जल में घुलनशील प्रकार के विटामिनों का समूह है। इस विटामिन में नाइट्रोजन पाया जाता है।

**विटामिन D**—इस विटामिन का रासायनिक नाम कैल्सिफेरॉल है। यह वसा में विलेय विटामिन है। यह विटामिन हड्डियों को मजबूती प्रदान करने में सहायक होता है। इसकी कमी से गर्भ में पल रहे बच्चों में रिकेट्स तथा प्रौढ़ों में ऑस्टियोमलेशिया नामक रोग हो जाता है। रिकेट्स को सूखा रोग के नाम से भी जाना जाता है। सूर्य की किरणें अल्ट्रावायलेट त्वचा में उपस्थित इर्गेस्टीरॉल को विटामिन D में परिवर्तित कर देती है यह विटामिन मक्खन, घी, अण्डे, मछली के तेल आदि में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

**विटामिन C**—इस विटामिन का रासायनिक नाम एस्कॉर्बिक एसिड है। इसका रासायनिक सूत्र $C_6H_8O_6$ है। यह जल में विलेय विटामिन है। मानव शरीर में इस विटामिन की कमी होने से स्कर्वी नामक रोग हो जाता है। खट्टे रसदार फल (नींबू, संतरा, मुसम्मी आदि) चीकू आँवला, टमाटर, पत्तेदार सब्जियाँ अंकुरित अनाज आदि विटामिन C के प्रमुख स्रोत हैं।

**विटामिन K**—इस विटामिन का रासायनिक नाम फिलोक्विनोन है। वह रक्तस्रावरोधी विटामिन है, जो यकृत में प्रोथाम्बिन के निर्माण के लिए आवश्यक है। मानव शरीर में इस विटामिन की कमी होने से रक्त का थक्का नहीं बनता है और कटे स्थान से रक्त का स्राव बहुत अधिक होता है, यह हरी पत्तेदार सब्जियों, टमाटर, पनीर इत्यादि में प्रर्याप्त में पाया जाता है। विटामिन $B_6$ को पाइरिडॉक्सिन कहा जाता है।

1136. अंडे से नया-नया निकला टैडपोल किसके माध्यम से श्वास लेता है ?
(A) फेफड़ों से (B) बाहरी गलफड़ों से
(C) भीतरी गलफड़ों से (D) उपर्युक्त सभी से

Ans. (C) भीतरी गलफड़ों से

1137. लैटिन में वाइरस का क्या अर्थ है ?
(A) मधुर (B) लघु
(C) तरल (D) विष

Ans. (D) वायरस को लैटिन भाषा में विष कहा जाता है।
- यह एक खतरनाक कीड़ा होता है जो बहुत तेजी से फैलता है।
- इससे बहुत सारी बीमारियाँ पैदा होते हैं।

1138. किस जैविक प्रक्रिया में वायु-जीव और अवायु-जीव दोनों ही कार्बनिक पदार्थ को अवक्रमित करते हैं ?
(A) खाद बनाने (B) कम्पोस्टीकरण
(C) पाचन (D) नाइट्रीकरण

Ans. (B) कम्पोस्टीकरण

1139. कथन-1 : सम्मिश्र ऊतक एक से अधिक प्रकार की कोशिकाओं से बनता है।
कथन-2 : विभज्योतक (मेरिस्टेम) स्थायी ऊतक के उदाहरण हैं।
(A) कथन 1 सही है, लेकिन कथन 2 गलत है
(B) कथन 1 गलत है लेकिन कथन 2 सही है
(C) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं
(D) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं

Ans. (C) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।

1140. उपत्वचा किसमें नहीं होती ?
(A) पत्ती (B) तना
(C) जड़ (D) फल

Ans. (A) पत्ती

1141. अंतर्वेशी विभज्योतक (मेरिस्टेम) किसमें पाए जाते हैं ?
(A) नोड (B) पार्श्विक कली
(C) अंत्यक कली (D) आंतरिक नोड

Ans. (B) पार्श्विक कली

1142. निम्नलिखित में से किस जोड़े को सही मिलाया गया है ?
(A) विटामिन-ए : स्कर्वी
(B) विटामिन-बी : रिकेट्स
(C) विटामिन-सी : रतौंधी
(D) विटामिन-ई: प्रजनन

Ans. (D) विटामिन-ई: प्रजनन

1143. मुख्य पीडक जंतुनाशी गुण किसमें होते हैं ?
(A) जैट्रोफा (B) अण्डी
(C) पोंगामिया (D) जामुन

Ans. (A) जैट्रोफा

1144. प्रतिरक्षी, प्रतिजनों के साथ संयुक्त होते हैं–
(A) परिवर्ती क्षेत्रों में
(B) अपरिवर्ती क्षेत्रों में
(C) केवल यदि वृहत्‌भक्षकाणु उपस्थित हों
(D) केवल यदि वृहत्‌भक्षकाणु अनुपस्थित हों

Ans. (C) केवल यदि वृहत्‌भक्षकाणु उपस्थित हों।

1145. विषाणु के कारण उत्पन्न होने वाले रोग हैं–
(A) खसरा, उपदंश (सिफिलिस), रैबीज, हैजा
(B) पोलियो, उपदंश (सिफिलिस), छोटी माता, गलसुआ (मम्प्स)
(C) हैजा, यक्ष्मा (टीबी), तानिकाशोथ, उपदंश (सिफिलिस)
(D) खसरा, चेचक, गलसुआ (मम्प्स), रैबीज

Ans. (D) विभिन्न कारकों में उत्पन्न रोग–
**वायरस**—चेचक, जुकाम, इन्फ्लूएन्जा, खसरा मस्तिक ज्वार, पोलियो, एड्स, रेबीज, कंजक्टीबाइटिस।
**बैक्टेरिया**—टेटनस, हैजा, टाइफाईड, तपेदित, डिप्थीरिया, प्लेग, काली खांसी, निमोनिया कुष्ठ रोग, सिफिलिस।
**प्रोटोजोआ**—मलेरिया, पायरिया, सोने के बीमारी पेचिस, कालाजार, फाइलेरिया, डायरिया, दम्मा

Scanned by CamScanner

1146. निम्न संयोजनों में से कौन-सा सही है ?
(A) ऐलियम सीपा- क्रूसिफेरी
(B) ऐकेशिया- सेजैलपिनियासी
(C) पाइरेथ्रम-कम्पोजिटी
(D) ब्रैसिका- लिलिएसी

Ans. (D) ब्रैसिका- लिलिएसी

1147. प्रतिजैविक पेनिसिलीन इनके द्वारा खोजी गई थी–
(A) जॉर्ज स्टीवेंसन
(B) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(C) टॉमस अल्वा ऐडीसन
(D) बॉयल

Ans. (B) प्रतिजैविक पेनिसिलीन अलेक्जेंडर फ्लेमिंग के द्वारा खोजा गया था।
- टॉमस अलवा ऐडिसन ने बल्ब का आविष्कार किया था।
- जार्ज स्टीवेंश एक फिल्म प्रोड्यूसर और लेखक हैं।
- बॉयल- स्थिर ताप पर किसी गैस की निश्चित मात्रा का आयतन उसके दाब का व्युत्क्रमानुपाती होता है। '' अर्थात स्थिर ताप पर गैस का दाब बढ़ाने पर आयतन घटता है व दाब घटने पर आयतन बढ़ता है।

1148. जीवाणुओं का समूह जो मृदा उर्वरता को कम करता है, वह है–
(A) नाइट्रीकारक (B) विनाइट्रीकारक
(C) अमोनीकारक (D) निराविषकारी

Ans. (B) विनाइट्रीकारक

1149. क्रिस्टलों के रूप में तम्बाकू में मोजेक रोग को फैलाने वाले विषाणु को किसने अलग किया था ?
(A) लुई पास्चर (B) रॉबर्ट कोच
(C) डॉ॰ स्टैनले (D) मेयर

Ans. (A) लुई पास्चर

1150. कथन : 1. अनावृतबीजियों में, बीज फलों में संलग्न रहते हैं।
2. द्विबीजपत्री और एकबीजपत्री आवृतबीजियों (ऐन्जियोस्पर्म) में शामिल होते हैं
(A) कथन 1 सही है, लेकिन कथन 2 गलत है
(B) कथन 1 गलत है, लेकिन कथन 2 सही है
(C) कथन 1 और 2 दोनों सही
(D) कथन 1 और 2 दोनों गलत

Ans. (C) कथन 1 और 2 दोनों सही।

1151. गेहूँ का पुष्पण होता है–
(A) कणिश (स्पाइक) (B) पुष्पगुच्छ (पैनिक)
(C) असीमाक्ष (रैसीम) (D) नतकणिश (कैटकिन)

Ans. (C) असीमाक्ष (रैसीम)

1152. ऐगार-ऐगार किससे तैयार होता है ?
(A) कवक (B) ब्रायोफाइट
(C) शैवाल (D) शैवाक (लाइकेन)

Ans. (C) जिस जगह पर थोड़ी-भी नमी होती है वहाँ शैवाल उत्पन्न होता है।

1153. बच्चे के लिंग निर्धारण में गर्भाशय की जाँच एक्स-रे के बजाय पराध्वनिक तरंगों द्वारा अधिक प्रमाणिक (वरीय) होती है। क्यों ?
(A) एक्स-रे पराध्वनिक तरंगों के समान अधिक स्पष्ट तस्वीर नहीं दिखा पाते
(B) एक्स-रे जाँच पराध्वनिक (अल्ट्रासोनिक) जाँच की तुलना में अधिक महंगी है
(C) एक्स-रे पराध्वनिक तरंगों की तुलना में अधिक हानिकारक है
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (C) पराध्वनिक तरंगों की आवृत्ति 20000Hz से ज्यादा है जो ज्यादा देर तक शरीर के अंदर नहीं रहता है जिससे बच्चे के शरीर में कोई प्रभाव नहीं करता है।

1154. निम्नलिखित में से कौन-सा परजीवी शैवाल (काई) का एक उदाहरण है ?
(A) यूलोथ्रिक्स (B) सैफैल्यूरास
(C) इंडोगोनियम (D) सारगैसम

Ans. (B) सैफैल्यूरास

1155. 'जैव-विविधता' क्या है ?
(A) एक वन में बहुत प्रकार के पेड़ पौधे और प्राणिजात
(B) बहुत से वनों में अनेकों प्रकार के पैड़-पौधे और प्राणिजात
(C) एक वन में एक जाति की बहुत-सी आबादी
(D) उपर्युक्त सभी सही हैं

Ans. (A) जैव-विविधता का अर्थ होता है कि एक जगह पर बहुत सारे जाति पेड़-पौधे का होना जैव विविधता कहलाता है।
- सबसे ज्यादा जैव विविधता तमिलनाडु में मिलता है।

1156. प्राणीविज्ञान की शाखा का नाम जिसमें पशु व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है ?
(A) पारिस्थितिकी (B) शरीर विज्ञान
(C) जीव पारिस्थितिकी (D) शरीर रचना-विज्ञान

Ans. (A) पारिस्थितिकी

1157. 'बार्र पिंड' किसमें पाया जाता है ?
(A) शुक्राणु (B) सर्टोली कोशिका
(C) मादा कायिक कोशिका (D) नर कायिक कोशिका

Ans. (C) मादा कायिक कोशिका

1158. ब्रायोस्टेटिन्स और डोलोस्टेटिन्स जैसे अपूर्व ट्यूमर रोधी एजेंटों का पता लगाने में कौन-सा स्रोत विशेष रूप से लाभदायक रहा ?
(A) समुद्री स्रोत (B) पशु
(C) विष और टॉक्सिन (D) संयोजी रसायन विज्ञान

Ans. (C) विष और टॉक्सिन।

1159. अ-जैव निम्नीकरणीय अपशिष्ट से छुटकारा पाने का सर्वोत्तम हल है-
(A) जलाना (B) पाटना
(C) गाड़ना (D) पुनः चक्रण

Ans. (D) पुनः चक्रण।



Scanned by CamScanner

1160. वर्मीकम्पोस्टिंग किससे की जाती है ?
(A) फंगस (B) बैक्टीरिया
(C) कृमि (D) पशु

Ans. (C) कृमि

1161. यदि अपशिष्ट पदार्थ पीने के पानी के स्रोत को दूषित कर दें, तो निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी फैल जाएगी ?
(A) स्कर्वी (B) टाइफाइड
(C) मलेरिया (D) अरक्तता

Ans. (B) टाइफाइड

1162. कौन-सी शिरा फेफड़ों से हृदय में शुद्ध रक्त लाती है ?
(A) वृक्कीय शिरा (B) फुफ्फुस शिरा
(C) महाशिरा (D) यकृत शिरा

Ans. (B) फुफ्फुस शिरा

1163. बहुत से तृणों की पत्तियाँ वलित और अनवलित होने में समर्थ होती हैं, क्योंकि-
(A) उनके मध्यरागी घेरे और स्पंजी पेरेन्काइमा में विभेदित नहीं होते हैं
(B) उनमें पत्तियों की दोनों तरफ स्टोमेटा होता है
(C) उनमें उच्च स्तर का सिलिका होता है
(D) उनमें विशेष आवर्ध त्वक्कोशिकाएँ होती हैं

Ans. (A) उनके मध्यरागी घेरे और स्पंजी पेरेन्काइमा में विभेदित नहीं होते हैं।

1164. प्लूरा किसका आवरण है ?
(A) फुफ्फुस या फेफड़ा (B) यकृत
(C) वृक्क (D) हृदय

Ans. (A) फुफ्फुस या फेफड़ा

1165. निम्न में से कौन-सा एक अंडद-स्तनी है ?
(A) स्लॉथ
(B) बतखचोंच (डक-बिल्ड) प्लेटीपस
(C) कंगारू (D) घूस (पादिकोकु)

Ans. (B) बतखचोंच (डक-बिल्ड) प्लेटीपस

1166. मेंढ़क के वृक्क किस प्रकार के होते हैं ?
(A) मध्यवृक्क (B) पश्चवृक्क
(C) आदिवृक्क (D) प्राक्वृक्क

Ans. (C) आदिवृक्क

1167. सामान्यत: टूटी हड्डियों को सेट करने के लिए प्रयोग किए जाने वाले 'प्लास्टर ऑफ पेरिस' का रासायनिक नाम क्या है ?
(A) कैल्शियम नाइट्रेट (B) कैल्शियम सल्फेट
(C) कैल्शियम कार्बोनेट (D) कैल्शियम क्लोराइड

Ans. (B) कैल्शियम सल्फेट।

1168. कुनैन की औषध किसके प्राप्त होती है ?
(A) सिंकोना के पौधे से (B) मनी प्लांट से
(C) यूकेलिप्टस के पौधे से (D) ऐकोनाइट के पौधे से

Ans. (A) सिंकोना के पौधे से।

1169. पौधे किस प्रक्रिया से प्रजनन करते हैं ?
(A) परागण (B) संघनन
(C) भोजन (D) वाष्पण

Ans. (A) परागण

1170. आमतौर पर 'पिंक मोल्ड' किसका नाम है ?
(A) म्यूकर (B) ऐस्पर्जिलस
(C) राइजोपास (D) न्यूरोस्पोरा

Ans. (D) न्यूरोस्पोरा

1171. रुधिरलसीका (हीमोलिम्फ) इनमें देखी जाती है-
(A) ऐनेलिड (लघुवलयक) (B) संधिपाद (आर्थ्रोपोड)
(C) शूलचर्मी (एकाइनोडर्म) (D) ऐस्कारिस

Ans. (A) ऐनेलिड (लघुवलयक)

1172. वह विषाणु जो कैप्सिड हीन होता है लेकिन केवल न्यूक्लीक अम्ल युक्त होता है, क्या कहलाता है ?
(A) वाइरिऑन (B) पेटिकांशक
(C) केन्द्रकाभ (D) प्रायोन

Ans. (A) वाइरिऑन

1173. बी-लसीकाणु के द्वारा होने वाली प्रतिरक्षा को क्या कहते हैं ?
(A) तरल प्रतिरक्षा (B) बंध्य प्रतिरक्षा
(C) उपार्जित प्रतिरक्षा (D) कोशिकीय प्रतिरक्षा

Ans. (C) उपार्जित प्रतिरक्षा

1174. केंचुए की पृष्ठीय रुधिर वाहिका में रक्त का प्रवाह किस ओर होता है ?
(A) अग्रगामी (B) पार्श्वमुखी
(C) अधोमुखी (D) पश्चगामी

Ans. (B) पार्श्वमुखी

1175. निम्न में से कौन-सा जैव-निम्नीकरणीय है ?
(A) प्लास्टिक के मग (B) चमड़े की बेल्ट
(C) रजत पन्नी (D) लोहे की कीलें

Ans. (B) चमड़े की बेल्ट

1176. छाल वल्क पर उगने वाली कवकों को किस प्रकार का कहा जाता है ?
(A) वल्कवासी (B) काष्ठरागी
(C) शिलावासी (D) शमलरागी

Ans. (A) वल्कवासी

1177. अतिवर्धन का अर्थ है-
(A) अतिलोलुपतापूर्ण खान-पान
(B) कोशिकाओं की संख्या में असामान्य वृद्धि
(C) किसी कोशिका के आकार में वृद्धि
(D) पेशी की अत्यधिक गतिशीलता

Ans. (B)
- कोशिकाओं की संख्या में असामान्य वृद्धि से कैंसर नामक बिमारी होती है।



Scanned by CamScanner

**1178.** मूल (जड़) का जल अवशोषण में सम्बद्ध भाग है–
(A) मूल रोमों का जोन (क्षेत्र)
(B) दीर्घीकरण का जोन (क्षेत्र)
(C) मूल गोप का जोन (क्षेत्र)
(D) कोशिका विभाजन का जोन (क्षेत्र)

**Ans. (A)** मूल रोमों का जोन (क्षेत्र)

**1179.** निम्नलिखित में से कौन पोलियो का कारण है?
(A) एक कवक (B) एक वायरस
(C) एक कृमि (D) एक बैक्टीरिया

**Ans. (B)** पोलियो वायरस जनित रोग है।

**1180.** एलिसा जाँच किस रोग की पहचान करती है?
(A) कैंसर (B) टी.बी
(C) पोलियो वायरस (D) एड्स

**Ans. (D) ELISA :** यह HIV वायरस की जाँच करने की एक प्रणाली है। इससे पता चलता है कि व्यक्ति एड्स पीड़ित है या नहीं। इसे एलिसा टेस्ट कहते हैं।
**वेस्टर्न ब्लॉट टेस्ट**—यह HIV संक्रमण की खास जाँच है जो पॉजीटिव होने पर बताता है कि व्यक्ति HIV से ग्रस्त है।
कैंसर मनुष्य के शरीर के किसी भी अंग में त्वचा से लेकर अस्थि तक हो सकता है। यदि कोशिका वृद्धि अनियंत्रित हो, तो इसके परिणाम स्वरूप कोशिकाओं में अनियमित गुच्छा बन जाता है। इन अनियमित कोशिकाओं के गुच्छे को कैंसर कहते हैं। कैंसर को स्थापित होने में जो समय लगता है उसे लैटेण्ड पीरियड कहते हैं।

**1181.** निम्नलिखित में से कौन-सा ब्लड ग्रुप सर्वव्यापक ग्राह्यता रखता है?
(A) A (B) B
(C) AB (D) O

**Ans. (C)** ब्लड ग्रुप AB को सर्व व्यापक ग्राहता कहा जाता है।
- ब्लड ग्रुप O को सर्व व्यापक दाता कहा जाता है।
- ब्लड ग्रुप की खोज लैंड स्टीनर ने किया था। (1900 ई०)
- रक्त समूह AB में एन्टीजेन पाया जाता है लेकिन एन्टीबॉडी नहीं पाया जाता है। रक्त समूह O में एन्टीबॉडी पाया जाता है लेकिन एन्टीजेन नहीं पाया जाता है।

**1182.** तीन तत्व जिनका उपयोग रासायनिक उर्वरकों में सर्वाधिक होता है–
(A) नाइट्रोजन, सोडियम, सल्फर
(B) नाइट्रोजन, पोटैशियम, फास्फोरस
(C) नाइट्रोजन, फास्फोरस, सोडियम
(D) कैल्सियम, सोडियम, सल्फर

**Ans. (B)** नाइट्रोजन, पोटैशियम, फास्फोरस का सर्वाधिक उपयोग उर्वरक के रूप में किया जाता है।
- संतरा में साइट्रिक एसिड पाया जाता है।
- दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है।
- सिरका में एसिटिक एसिड पाया जाता है।

**1183.** कैल्सियम की आवश्यकता निम्नलिखित में किस निमित्त है?
(A) मांसपेशियों के कार्य करने (B) खून जमने
(C) हड्डियों के विकास (D) उपर्युक्त सभी

**Ans. (C)** हड्डियों के विकास के लिए कैल्सियम की आवश्यकता होती है।
- खून का जमना विटामिन K के कारण होता है।

**1184.** ब्लड कैंसर को आमतौर पर इस नाम से जाना जाता है :
(A) ल्यूकोडर्मा (B) ल्यूकेमिया
(C) अनीमिया (D) हीमोफीलिया

**Ans. (B)** ल्यूकेमिया

**1185.** ओंकोजीन सम्बन्धित हैं–
(A) तपेदिक से (B) पोलिया से
(C) कर्क रोग से (D) आंत्रज्वर से

**Ans. (C)** कर्क रोग से।

**1186.** डी.एन.ए. को किसने अन्त:पात्र में बनाया ?
(A) आर्थर कोर्नबर्ग (B) रॉबर्ट हुक
(C) एडवर्ड जेनर (D) जोसेफ लिस्टर

**Ans. (C)** एडवर्ड जेनर

**1187.** तीव्रता एवं प्रयुक्तता के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कर्क रोग उत्पन्न कर सकता है तथा उसका उपचार भी करता है ?
(A) तम्बाकू (B) ऐल्कोहॉल
(C) आयनीय विकिरण (D) पराबैंगनी किरणें

**Ans. (D)** पराबैंगनी किरणें

**1188.** एक स्वस्थ वयस्क मनुष्य में रक्त का कुल परिमाप होता है–
(A) 5 – 6 लिटर (B) 3 – 4 लिटर
(C) 8 – 10 लिटर (D) 10 – 12 लिटर

**Ans. (A)** एक स्वस्थ मनुष्य में 5 – 6 लीटर रक्त होता है।
- RBC का जीवन काल 120 दिन होता है।
- WBC का जीवन काल 3 - 4 दिन होता है।

**1189.** टाइफॉइड तथा कॉलरा विशिष्ट उदाहरण हैं–
(A) संक्रामक रोगों के (B) वायु-जन्य रोगों के
(C) जल-जन्य रोगों के (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (C)** जल-जन्य रोगों के

**1190.** यकृत एवं मांसपेशियों में ऊर्जा जमा होती है–
(A) कार्बोहाइड्रेट के रूप में (B) वसा के रूप में
(C) प्रोटीन के रूप में (D) ग्लाइकोजन के रूप में

**Ans. (A)** कार्बोहाइड्रेट के रूप में

**1191.** जीवाणु की खोज किसने की ?
(A) फ्लेमिंग (B) लेम्बल
(C) टेमिन (D) एनटानभान लिवेन हॉक

**Ans. (D)** एनटानभान लिवेन हॉक

**1192.** जीवों में अत्यधिक विविधता का कारण है–
(A) अनुकूलन (B) सहभागिता
(C) उत्परिवर्तन (D) बहुगुणसूत्रता

**Ans. (A)** अनुकूलन



Scanned by CamScanner

1193. कीट-संवर्धन क्या है ?
(A) कीटों की वृद्धि करने का विज्ञान
(B) जन्तुओं के अध्ययन करने का विज्ञान
(C) मछलियों के अध्ययन करने का विज्ञान
(D) कीटों को मारने का विज्ञान

**Ans. (A)** कीटों की वृद्धि करने का विज्ञान

1194. सबसे छोटा जीव, जो स्वयं विकास एवं प्रजनन करने में समर्थ है, है–
(A) विषाणु (B) जीवाणु
(C) माइकोप्लाज्मा (D) बैक्टीरियोफेज

**Ans. (C)** माइकोप्लाज्मा

1195. हरे रंग का पदार्थ जो पौधों में प्रकाश-संश्लेषण करता है वह निम्नलिखित में कौन है?
(A) क्लोरोफिल (B) क्लोरोप्लास्ट
(C) क्लोरोफार्म (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (A)** पत्ते का हरा रंग क्लोरोफिल के कारण होता है।
- हरे पत्ते में प्रकाश का संश्लेषण होता है।

1196. शुष्काक्षिकोप का मनुष्यों में प्रकोप किस विटामिन की कमी से होता है?
(A) विटामिन -K (B) विटामिन -D
(C) विटामिन -A (D) विटामिन -C

**Ans. (B)** विटामिन -D

1197. प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण का परिणाम है–
(A) बालक्षय (मरास्मस) (B) बाल-वक्र (रिकेट्स)
(C) बेरी-बेरी (बलहारी) (D) वल्क-चर्म

**Ans. (A)** बालक्षय (मरास्मस)

1198. शरीर के किस अंग की खराबी से मधुमेह रोग का प्रकोप होता है?
(A) लीवर (B) पैनक्रियास या अग्न्याशय
(C) किडनी (D) हृदय

**Ans. (B)** पैनक्रियास या अग्न्याशय

1199. इबोला क्या है?
(A) वायरस (B) बैक्टीरिया
(C) प्रोटोजोआ (D) कवक

**Ans. (A)** इबोला एक वायरस है।
- इबोला चमगादर में पाया जाता है।
- यह सबसे पहले अफ्रीका महादेश में मिला था।

1200. घेंघा रोग आयोडीन की कमी से होता है। यह निम्न में से किस क्षेत्र में व्याप्त हो सकता है?
(A) तटीय क्षेत्र (B) पहाड़ी क्षेत्र
(C) रेगिस्तानी क्षेत्र (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (B)** पहाड़ी क्षेत्र

1201. विटामिन -ए मुख्यत: कहां संगृहीत होता है?
(A) फेफड़ा (B) वृक्क
(C) छाती (D) यकृत

**Ans. (D)** यकृत

1202. मादा क्यूलेक्स मच्छर निम्नलिखित में से किस रोग की वाहक है?
(A) मलेरिया (B) फाइलेरिया
(C) रिंग-वर्म या दाद (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (A)** मादा क्यूलेक्स मच्छर से मलेरिया फैलता है।
- यह प्रोटोजोआ का रूप है।

1203. थायरॉयड ग्रंथि का स्थान कहां है?
(A) यकृत (B) गला
(C) काँख (D) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (B)** थायरॉयड ग्रंथि का स्थान गला होता है।

1204. आयोडीन टेस्ट का प्रयोग किसकी उपस्थिति जांचने के लिए होता है?
(A) कोलेस्टेरॉल (B) वसा
(C) प्रोटीन (D) कार्बोहाइड्रेट

**Ans. (D)** कार्बोहाइड्रेट



Scanned by CamScanner